**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि 18 दिसंबर 2024** **समय 1810**

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि स्वामीनाथन रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में कुछ नहीं किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा है कि एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक का लोकसभा में पारित होना देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कालका विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड़ रूपये की तीन बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शिक्षकों से विद्यार्थियों में संस्कारों का समावेश करने का आह्वान किया है।
- राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र गाजियाबाद के निदेशक डॉ रविंद्र कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार मिशन मोड में प्राकृतिक एंव जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है।

केंद्र सरकार ने आज उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी।रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं।

****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने स्वामीनाथन रिपोर्ट को लेकर कहा है कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में इस रिपोर्ट को लेकर कुछ नहीं किया।

कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के इस बारे एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि विनेश फोगाट को जानकारी नहीं है कि भूपेन्द्र सिंह हूडा ने मुख्यमंत्री रहते स्वामीनाथन रिपोर्ट पर ध्यान ही नहीं दिया।

1 बाइट -सी एम -ए

किसान आंदोलन और उनके रेल रोको अभियान पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार को किसानों की समस्याओं का हल निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कर रही है। भावांतर भरपाई योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों के हित में कई अहम फैसले लिए हैं।

****************************************************************
***********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक देश एक चुनाव विधेयक लोकसभा में पारित किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि यह देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

मुख्यमंत्री ने आज भिवानी में मीडिया को एक देश एक चुनाव विधेयक के पारित होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि समय और पैसे की बचत होने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी।

****************************************************************
***********

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने एक देश एक चुनाव की प्रधानमंत्री की अवधारणा को संविधान सम्मत बताते हुए इस संबंधी लोकसभा में पारित विधेयक के विरोध को लेकर कांग्रेस की आलोचना की है।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मदद मिलेगी।

कांग्रेस द्वारा विरोध को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा -

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

***********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कालका हलके में 25 करोड़ की तीन बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन किया ।आज कालका विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नानकपुर में 132 किलो वोल्ट और 66 किलो वोल्ट सब-स्टेशन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग का काम लगभग पूरा हो चुका है ।उन्होंने कहा कि पिंजौर में 220 किलो वोल्ट का बिजली सब स्टेशन भी बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में धन्यवाद रैली का कालका से से शुभ आरंभ हुआ है। वह प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हर वर्ग का विकास हो रहा है।उन्होंने कहा कि 712 करोड रुपए के कार्य कालका विधानसभा में किए गए हैं।

***********************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आज शिक्षकों से विद्यार्थियों में संस्कारों का समावेश करने में पूर्ण योगदान देने का आह्वान दिया। उन्होंने कहा कि आज बच्चे अपने संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। वह आज पंचकूला के सेक्टर 7 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा-

उन्होंने कहा कि संस्कारों में अगर कमी आ जाती है तो समाज को उसके दूरगामी परिणाम भुगतने पड़ते हैं। श्री ढांडा ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों का यह प्रथम कर्तव्य है कि विद्यार्थियों में संस्कार युक्त शिक्षा दें।तत्पश्चात उन्होंने एक निजी विद्यालय के वार्षिक समारोह में भी भाग लिया।

*****************************************************************

***********

राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र गाजियाबाद के निदेशक डॉ रविंद्र कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार मिशन मोड में प्राकृतिक एंव जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है।

वह आज जींद के हरियाणा कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान में प्राकृतिक और जैविक खेती पर आयोजित क्षेत्रीय परामर्श सम्मेलन में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जैविक केंद्र जैविक खेती का पीजीएस इंडिया प्रणाली के माध्यम से प्रमाणीकरण कर किसानों को उनके जैविक उत्पादों की बिक्री में मदद कर रहा है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा के सहयोग से गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में 100 से अधिक किसानों एवं कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में डॉ रविंद्र कुमार ने कहा कि किसानों को जैविक उत्पाद प्रमाणन और उनकी बिक्री को लेकर बताया गया -

उन्होंने कहा कि जैविक उत्पादो की बिक्री के लिए किसानों व उपभोक्ताओं को ई-मार्केटिंग के माध्यम से एक दूसरे के साथ जोड़ा जा रहा है।सम्मेलन में आए किसानों को कृषि भूमि की घटती हुई उपजाऊ शक्ति , खाद्यान्न में बढ़ते हुए जहर के स्तर,घटते हुए भूजल स्तर व बढ़ते हुए कृषि खर्च जैसी अनेकों चुनौतिया के बारे बताया गया । किसानों को इससे बचने के लिए खेतों

में कीटनाशकों व उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने व खेती में प्राकृतिक तरीकों को अपनाने की सलाह भी दी गई।

************************************************************************

चंडीगढ़ के गुरु नानक खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र देवांशु शर्मा ने लुधियाना में हुईं एस जी एफ आई अंडर-19 स्कूल खेलों में कांस्य पदक जीता है । देवांशु शर्मा, ने 40 किलो से अधिक भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। यह उनका पहला राष्ट्रीय पदक है।देवांशु शर्मा के अलावा चण्डीगढ़ के जुडो खिलाड़ियों ने इन खेलों में कुल 3 पदक जीते जिनमें एंजल यादव ने स्वर्ण पदक व विवेक कुमार ने रजत पदक हासिल किया।

************************************************************************

भिवानी के बवानीखेड़ा के पास आज रोडवेज की एक बस पलटने से करीब 15 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को पीजीआई रोहतक भर्ती कराया गया जबकि आठ घायल भिवानी के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन हैं। कुछ घायलों को बवानीखेड़ा के आसपास के क्षेत्र के अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है। घायलों में रोडवेज बस के चालक व परिचालक भी शामिल हैं।